शहरी विकास विभाग
9वॉं तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय,
आई. पी इस्टेट, नई दिल्ली–110002

तारांकित प्रश्न संख्या :– 55

दिनांक :– 10/08/2017

प्रश्नकर्त्ता का नाम :– श्री सुखबीर सिंह दलाल

क्या उपमुख्यमंत्री/ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

प्रश्न	उत्तर
(क) मुंडका विधानसभा क्षेत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा पिछले दो वर्षों में जिन संपत्तियों को आरोपित किया गया है, उनका ब्यौरा,	उत्तरः– उत्तरी दिल्ली नगर निगम मुंडका विधानसभा क्षेत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा पिछले दो वर्षों में 84 सम्पत्तियों को आरोपित किया गया है।
(ख) इनमें से कितनी संपत्तियों को सील/डीसील किया गया हैं, कारण सहित उनका ब्यौरा,	उत्तरः– उत्तरी दिल्ली नगर निगम मुंडका विधानसभा क्षेत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा पिछले दो वर्षों में 05 सम्पत्तियों को सील किया गया है और 02 सम्पत्तियों को सामान बाहर निकालने के एवज में अस्थायी रूप से डी सील किया गया।
(ग) नांगलोई मेट्रो स्टेशन के समीप बनिया की दुकान तथा हिरनकूदना मोड़ पेट्रोल पंप के साथ लगे सिटी पार्क (मैरिज लॉन) में हुए अवैध निर्माणों को हटाने के लिए उत्तर दिल्ली नगर निगम द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं,	उत्तरः– उत्तरी दिल्ली नगर निगम नांगलोई मेट्रो स्टेशन के समीप बनिया की दुकान वाली प्रॉपर्टी पर धारा 343 और 344 (1) के अंतर्गत एवं 29.05.2017 को डेमोलिशन एक्शन लिया गया है पेट्रोल पंप के साथ लगे सिटी पार्क (मैरिज लोन) को शुल्क 99,49,619/– जमा करने के उपरांत नियमितीकरण 21.02.2017 को किया गया है।
(घ) मुंडका विधानसभा क्षेत्र में उद्यान विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा, और	उत्तरः– उत्तरी दिल्ली नगर निगम मुंडका विधानसभा क्षेत्र में उद्यान विभाग का कोई विकास कार्य नहीं चल रहा है। मानसून के मद्देनजर विभागीय कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कराया जा रहा है।
(ङ) डेंगू व चिकनगुनिया की समस्या से निपटने के लिए उत्तर दिल्ली नगर निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा?	उत्तरः– उत्तरी दिल्ली नगर निगम डेंगू व चिकनगुनिया की समस्या से निपटने के लिए उत्तरी दिल्ली नगर निगम

	द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा अनुलंगनक 'क' पर संलग्न है।.

पूरक सूचना:-- उत्तरी दिल्ली नगर निगम के हिन्दूराव व कस्तूरबा अस्पताल को डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग के उपचार के लिए Sentinal Surveillance Hospital घोषित किया गया है। इन अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तर लगाये गए हैं। इन अस्पतालों में सभी दवाईयां व जांच की 24 घन्टे व्यावस्था है। सभी अस्पतालों में अधिक बिस्तर, दवाईयां, आई.वी. फ्लुइड्स इत्यादि की उचित व्यवस्था है।

इस कार्यक्रम के तहत दोनों अस्पतालों में फीवर क्लिनिक बनाये गये हैं। इन फीवर क्लिनिक में गरीजों की डॉक्टर द्वारा निरीक्षण व खून की जांच की 24 घन्टें की जा रही है।

हिन्दूराव अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में एक को--ऑडिनेशन कमिटी बनाई गई है। इस कमिटी में सभी विभागाध्यक्षों के अलावा इंजीनियरिंग विभाग, PSM तथा MRD section को शामिल किया गया है। हिन्दूराव अस्पताल में डेंगू, मलेरिया एवं चिकुनगुनिया बुखार के उपचार हेतु 70 बैड का प्रबंध किया गया है, तथा इसके अलावा कस्तूरबा अस्पताल में भी 75 बैड का प्रबंध किया गया है, जरूरत पडने पर इन बिस्तरों को बढाने की व्यवस्था है। डॉक्टर व नर्स पर्याप्त संख्या में 24 घन्टे आवश्यकता अनुसार मौजूद है। सभी डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य सम्बन्धित कर्मचारियों की छुट्टियां डेंगू सीजन के समाप्त होने तक रद्द कर दी गई हैं। इन बिमारियों के लिए डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को जानकारी के लिए Sensitisation lecture का आयोजन किये जा रहे हैं।

इस पूरे कार्यक्रम की उच्च अधिकारियों के अलावा DHA कार्यालय द्वारा प्रतिदिन निगरानी की जा रही है।

अनुसंलग्नक "क"

6/ल

उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा 2017 में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु उठाये गये कदम इस प्रकार है–

1. उत्तरी दिल्ली नगर निगम में 29.07.2017 तक मलेरिया के 37, डेंगू के 05 तथा चिकनगुनिया के 03 मामले सामने आए हैं।
2. उत्तरी दिल्ली नगर निगम में डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाई व प्रचार सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
3. 1500 डी.बी.सी. कर्मचारियों द्वारा हर घर की चैकिंग करवाकर कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग किया जा रहा है। इनकी बीट उत्तरी दिल्ली नगर निगम की वेबसाईट पर डाल दी गई है तथा कोई भी नागरिक वेबसाईट पर इसका अवलोकन कर सकता है। कॉल सेन्टर हैल्पलाईन द्वारा इसे लिंक किया गया है। पब्लिक का कोई भी व्यक्ति न केवल अपने जोन वाईज वार्ड वाईज कॉलोनी वाईज कार्यरत डी.बी.सी. की जानकारी प्राप्त कर सकता है बल्कि अगर कोई शिकायत है तो कॉल सेन्टर हैल्पलाईन के निःशुल्क नं0 18002008701 एवं 18001187000 पर दर्ज भी करा सकता है।

वर्ष 2017 में अब तक घरों की जाँच की रिपोर्ट इस प्रकार है–

क्र.सं.	कार्य का विवरण	किया हुआ कार्य 01.01.2017 से 29.07.2017 तक
1.	डी.बी.सी. द्वारा चैक किये गये घरों की संख्या	93,65,605
2.	ब्रीडिंग पाये गये घरों की संख्या	26,427
3	स्प्रे किये गये घरों की संख्या	1,05,278
4.	दिये गये लीगल नोटिस की संख्या	22316
5.	किये गये चालान की संख्या	5096

4. उत्तरी दिल्ली नगर निगम में 900 फील्ड वर्कर (बेलदार) हैं जो आउटडोर बीट अनुसार नालियों तथा अन्य पानी के जमाव आदि में दवाई डालते हैं जिससे मच्छर की उत्पत्ति न हो, तथा 131 सहायक मलेरिया निरीक्षक कार्यरत हैं जिनमें से कुछ अस्पताल, डिस्पैंसरी, क्लिनिक आदि में मलेरिया के लिए खून की जांच करते हैं तथा कुछ डी.बी.सी. कार्य का सुपरविजन करते हैं। इसके अतिरिक्त 21 मलेरिया निरीक्षक कार्यरत हैं जो उपरोक्त सभी कर्मचारियों द्वारा किये गये कार्यों का निरीक्षण करते हैं।
5. मलेरिया/डेंगू के मामलों की सम्पूर्ण जानकारी जुटाई जाती है एवं आसपास के 50 घरों में फोकल स्प्रे किया जाता है।
6. सभी जोनों में पर्याप्त मात्रा में हस्तचालित फॉगिंग मशीन उपलब्ध है तथा उनसे घरों में फॉगिंग कराई जा रही है।
7. बड़ी वैहिकल माउंटेड मशीनों द्वारा भी सभी क्षेत्रों में कीटनाशक धुआं उपयुक्त समय पर किया जायेगा।
8. सभी संस्थानों के प्रशासनिक प्रमुखों/विभागाध्यक्षों को उनके परिसरों को मच्छरों की उत्पत्ति से मुक्त रखने के लिए सभी कूलरों/टंकियों आदि को साफ रखने एवं किसी भी तरह के जल जमाव को रोकने के निर्देश जारी किये जा चुके हैं।
9. उत्तरी दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) को भी निर्देश जारी किये गये हैं कि सभी नोडल शिक्षकों एवं स्कूली विद्यार्थियों में इस बात की जागरूकता पैदा की जाए कि उनका विद्यालय परिसर मच्छरों की उत्पत्ति से पूरी तरह मुक्त रहे।
10. उत्तरी दिल्ली नगरनिगम के सभी क्षेत्रों के उप. स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से क्षेत्रीय नोडल अधिकारियों को कीट जनित बीमारियों के बचाव व नियंत्रण के लिए सभी उपाय करने हेतु निर्देश दे दिये गये हैं।
11. नोडल टीचरों एवं सभी स्तर के मलेरिया स्टाफ का प्रशिक्षण विधिवत पूर्ण किया जा चुका है।
12. डेंगू जागरूक कार्यक्रम उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी 6 जोनों के 104 वार्डों में जून 2017 से मनाया जा रहा है।
13. 25.06.2017 को माननीया महापौर महोदया के निर्देशानुसार सभी 104 वार्डों में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत लगभग 10 हजार लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया एवं कई जगह रैलियाँ भी निकाली गई।
14. विस्तृत जन–जागरूकता कार्य पम्फलेट, स्टीकर, बैनर, ब्रोशर, फ्लैक्स चार्ट एवं कलेण्डर आदि के द्वारा भी किया जा रहा है।
15. डी.बी.सी. को सरकारी संस्थानों में 100 प्रतिशत चैक करने के लिए निर्देश दिये गये हैं तथा वे सुनिश्चित करें कि इन संस्थानों में ब्रीडिंग ना मिले।
16. डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया की रोकथाम, निदान एवं उपचार हेतु दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन को भी निर्देश दे दिये गये हैं।
17. मच्छरों पर नियंत्रण हेतु आर.डब्ल्यू.ए. के साथ वार्ड लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं।
18. सभी जोनों में ऑटो व जन सम्बोधन यन्त्र (P.A SYSTEM) के माध्यम द्वारा मुनादी कराने की व्यवस्था की गई है।
19. चालान/लीगल नोटिस [illegible]

20. सभी जोन में मच्छर जनित बीमारियों के नियन्त्रण व रोकथाम के लिए नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

21. हर जोन में एण्टी मलेरिया दिवस भी मनाया गया है।

22. स्वास्थ्य शिक्षा अभियान हेतु डेंगू , मलेरिया की रोकथाम के लिए 200 होर्डिंग भी लगाए गये हैं।

23. स्वास्थ्य शिक्षा संदेश एफ.एम. रेडियो और अखबारों में विज्ञापन एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा भी किये जायेंगे।

24. उत्तर रेलवे की साझेदारी से दिल्ली में ट्रैक के साथ-साथ एण्टी लारवल कार्य करने के लिये उन्हें पावर स्प्रे टैंकर तथा कीटनाशक दवाईयां भी उपलब्ध कराई जायेगी।

25. आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय सहयोग समिति की एक मीटिंग 20 जून 2017 को आयोजित की गई है।

26. उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी स्कूलों के बच्चों को डेंगू मुक्त कार्य कार्ड वितरण तथा स्कूल के बच्चों द्वारा रैलियाँ भी करवाई जा रही है।

27. साप्ताहिक बाजारों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

28. पत्र संख्या MHO/N/2017/234 दिनांक 17.05.2017 के द्वारा उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी वार्डों में निरिक्षण टीम का गठन करा दिया गया हैं। और सभी विभागाध्यक्षों का व्हाट्स एप पर एक ग्रुप भी बनाया गया जिससे फील्ड वर्क का निरीक्षण सुचारु/कारगर ढंग से किया जा सके।

यह उत्तर आयुक्त महोदय द्वारा स्वीकृत है।

निगम स्वास्थ्य अधिकारी
उत्तरी दिल्ली नगर निगम